# शासन की योजनाओं का हर छात्र तक पहुंचे लाभ

## अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. चंदेलकर ने सम्भाला पदभार



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर @ पत्रिका.** अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. पंजाबराव चंदेलकर ने शुक्रवार को पदभार सम्भाला।

उन्होंने स्टॉफ से मुलाकात की तो वहीं चल रहे कार्यो, शिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कॉलेजों की समस्याओं को भी दूर करने का प्रयास किया जाएगा। शासन की योजनाओं का लाभ हर छात्र तक पहुंचे, इसका विशेष प्रयास किया जाएगा। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल महाविद्यालय के सटॉफ ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल, प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. स्मृति शुक्ला, डॉ. समीर शुक्ला, डॉ. एनजी पेंडसे, डॉ. धुव्र दीक्षित, अजय सोनकर, डॉ. आभा पाण्डेय, डॉ. शैलप्रभा कोष्ठा, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर आदि मौजूद थे।